प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देवघर में बीएलओ के साथ किया संवाद, झारखंड में होने वाले एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा की, गाइडलाइन के पालन का दिया निर्देश ।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने वीबी जी राम जी कानून को बताया विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम, कहा– गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में आएगा वास्तविक बदलाव।**
3. **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा– रांची में जल्द ही उपलब्ध होंगी गुर्दा प्रत्यारोपण सेवाएं, रिम्स और राज अस्पताल में चल रही तैयारियां ।**
4. **चतरा जिले के कई प्रखंडों में नील गाय और जंगली हाथियों से किसान परेशान, खड़ी फसलों को पहुंच रहा नुकसान, वन विभाग से ठोस कार्रवाई की मांग।**
5. **सेकेंड ऑल इंडिया जजेज बैडमिंटन चैंपियनशिप का रांची में समापन, न्यायमूर्ति फरहान और न्यायमूर्ति सावित्री बने विजेता।**

****

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज देवघर में बीएलओ के साथ संवाद किया और झारखंड में होने वाले एसआईआर की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने दिए गए गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

****

नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर आठ जनवरी को राज्य निर्वाचन आयोग आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होने वाली बैठक में राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वीबी – जी राम जी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाकर करोड़ों परिवारों को आत्मनिर्भर बनाएगा और विकसित भारत की दिशा में यह एक मजबूत कदम साबित होगा। श्री मरांडी ने कहा कि इससे गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव आएगा और पलायन पर अंकुश लगेगा।

****

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि जमशेदपुर में आयोजित एमएसएमई डिफेंस कान्क्लेव झारखंड के स्थानीय उद्योगों को रक्षा क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध कराएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने बताया कि 16 और 17 जनवरी को होने वाला यह कॉन्क्लेव रोजगार के अवसर के साथ रक्षा क्षेत्र में झारखंड की भी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इफान अंसारी ने कहा है कि रांची में जल्द ही गुर्दा प्रत्यारोपण सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसे लेकर रिम्स और राज अस्पताल में तैयारियां चल रही हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि 9 जनवरी को अंग प्रत्यारोपण सलाहकार समिति पंजीकरण और लाइसेंस संबंधी मामलों की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से झारखंड के गुर्दा रोगियों को अब इलाज के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

****

नमामि गंगे मिशन ने चतरा में निरंजना नदी का पुनरूद्धार अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण संस्थान (विपार्ड) के 123 कनीय अभियंताओं ने शामिल होकर बिहार के गया से हंटरगंज तक नदी की यात्रा की। यात्रा में सम्मिलित अभियंताओं ने निरंजना नदी को निर्मल और अविरल बनाने के लिए पदयात्रा कर श्रमदान किया तथा नदी को निर्मल एवं अविरल बनाने का संकल्प लिया ।

****

चतरा जिले के कई प्रखंडों में इन दिनों जंगली हाथियों और नील गाय के आतंक से किसान परेशान हैं। जिले के सिमरिया, टंडवा और पथल गड़ा प्रखंड में ग्रामीणों की फसल और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है । किसानों ने वन विभाग से इस दिशा में ठोस कार्रवाई करने की मांग की है

****

मकुलाकोचा स्थित दलमा के मुख्य द्वार के समीप पर्यटकों के लिए दलमा बुरू हाट बाजार की शुरुआत की गई है। यह हाट पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए स्थायी स्वरोजगार का माध्यम बनेगा। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कल दलमा बुरू हाट और तितली गार्डन का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दलमा को और विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

****

मुंबई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक इस समय 42 अंकों की बढ़त के साथ 85 हजार 808 पर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18 अंक की वृद्धि के साथ 26 हजार 348 पर कारोबार कर रहा था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 26 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रुपये प्रति किलो है

****

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला द्वारा आज व्यवहार न्यायालय परिसर से नशा के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र ने बताया कि नालसा के निर्देश पर समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए सात दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

****

झारखंड उच्च न्यायालय आयोजित आयोजित सेकंड ऑल इंडिया जज बैडमिंटन चैंपियनशिप का रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम में सफल आयोजन हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों से आए 31 न्यायाधीशों ने मेन सिंगल्स, वूमेन सिंगल्स, मेन डबल्स और मिक्स्ड डबल्स वर्गों में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मेंस सिंगल्स फाइनल में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति फरहान परवेज दुबास और वीमेन सिंगल्स वर्ग में ओडिशा हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति सावित्री राठो ने खिताब अपने नाम किया। जबकि मिक्स्ड डबल्स में न्यायमूर्ति वी. नरसिंह और न्यायमूर्ति सावित्री राठो विजेता बने।समापन अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया और खेल को न्यायपालिका के शारीरिक–मानसिक स्वास्थ्य और आपसी सौहार्द के लिए महत्वपूर्ण बताया।

*********समाप्त********